कोटद्वार, रविवार
4 मई 2025
वर्षः 47
अंकः 15 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गंगा सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पर लगाई आस्था की डुबकी

हरिद्वार। गंगा सप्तमी पर शनिवार को ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

इसके साथ ही मां गंगा से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। तीर्थ पुरोहितों ने भी परिवार संग मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की। माना जाता है कि गंगा सप्तमी के दिन गंगा स्नान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। गंगा सप्तमी पर दिल्ली एनसीआर, नोएडा, पंजाब हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने हरिद्वार पहुंचे।

श्रद्धालु अर्चना, अरुणा और महेश ने बताया कि मां गंगा में स्नान करके उन्हें शांति की अनुभूति हुई है और वो सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गंगा सप्तमी पर मां गंगा का में पवित्र स्नान करने का अवसर मिला।

### युवती के साथ दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन करने का भी बनाया दबाव

हरिद्वार, घर से स्कूल के लिए निकली किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक वकील सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि किशोरी पर धर्म परिवर्तन कर शादी का दवाब भी बनाया गया। उसे नेपाल ले जाने के प्रायस के दौरान पुलिस ने बरामद कर लिया। बहादराबाद क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने एक मई को अपनी बेटी के स्कूल से वापस नहीं लौटने पर गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस ने संभावित स्थानों पर उसकी तलाश कर सीसीटीवी कैमरे की मदद ली।

तीन मई को पुलिस ने किशोरी को बस स्टैंड से एक आरोप के पास से बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसकी तनवीर से वर्ष 2017 में दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों का लगातार मिलना–जुलना रहा है।

### जानकीचट्टी में हार्ट अटैक से एक महिला यात्री की मौत


उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई मध्यप्रदेश की एक महिला तीर्थ यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई। मौके पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं ने उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इससे पूर्व महिला ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह के दौरान ग्राम चिरमोलिया, पोस्ट अफजलपुर मन्दसौर मध्यप्रदेश निवासी रमी बाई गुर्जर उम्र (60) पत्नी गुजार गुर्जर मां यमुना के दर्शन के लिए जानकी चट्टी से यमुनोत्री धाम की यात्रा पर निकली। इसी बीच रास्तें में उनकी तबीयत अचानक खराब हो गयी। महिला के साथ मौजूद साथी यात्रियों ने उसे उपचार हेतु जानकीचट्टी हॉस्पिटल में लाया। लेकिन हॉस्पिटल लाने से पहले ही महिला तीर्थ यात्री ने दम तोड़ दिया। जिस पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यहां तैनात डा. हरदेव सिंह पंवार ने बताया कि महिला की मौत प्रथम दृष्टया हार्टअटैक से हुई है। इसकी सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी बरी

देहरादून। न्यायालय ने किशोरी से दुष्कर्म के चार साल पुराने मामले में आरोपी को बरी कर दिया। साक्ष्य और पीड़िता के बयानों में विरोधाभास के चलते कोर्ट ने यह फैसला लिया। अधिवक्ता आशुतोष गुलाटी ने बताया कि अपर जिला एवं सेशन जज/एसटीएससी(पोक्सो) पंकज तोमर की कोर्ट ने मामले में सुनवाई की। उन्होंने बताया कि राजपुर थाने में 24 सितंबर 2021 को आरोपी मोहम्मद असगर के खिलाफ एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि आरोपी उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर दिल्ली ले गया, वहां से बिहार ले गया और निकाह के बाद किशोरी से दुष्कर्म किया। गुलाटी ने बताया कि कोर्ट में पीड़ित के बयानों में विरोधाभास था। जबकि अभियोजन पक्ष पीड़िता की आयु को भी सिद्ध नहीं कर पाया। लिहाजा, कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया।

# पीएम मोदी से नई दिल्ली में मिले उमर अब्दुल्ला

### पहलगाम आतंकी हमले पर आधे घंटे तक चर्चा



नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान, पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आवास पर दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब आधे घंटे चली। मालूम हो कि पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमला होने के बाद से यह दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। उमर अब्दुल्ला ने बीते दिनों कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर जम्मू–कश्मीर में फैले जनाक्रोश ने उम्मीद की किरण जगाई है कि लोगों की मदद से आतंकवाद का जल्द ही खात्मा हो सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करने के लिए काम करेगी। अब्दुल्ला ने केंद्र से अपील करते हुए कहा कि ऐसे कदम न उठाएं, जिससे जनता अलग–थलग पड़ जाए। हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए जम्मू–कश्मीर विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र हुआ था। इस दौरान अब्दुल्ला ने इस घटना को सबसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि घटना के खिलाफ सड़कों पर जनाक्रोश उम्मीद की किरण जगाता है कि उनकी मदद से आतंकवाद का जल्द ही खात्मा हो सकता है।

**पीएम मोदी ने एक बार फिर दिया कड़ा संदेश**

वहीं, पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर एक बार फिर भारत के कठोर रुख की पुष्टि की। उन्होंने शनिवार को कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के झांसे में फंसकर 8.15 लाख गंवाए

देहरादून। स्टॉक मार्केट में ऑनलाइन ट्रेडिंग के झांसे में फंसे दून निवासी व्यक्ति ने अपने 8.15 लाख रुपये भी गंवा दिए। साइबर ठगों ने उसे अधिक कमाई का लालच दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस के अनुसार, विवेक कुमार निवासी केदारपुरम ने तहरीर दी कि 02 फरवरी को उन्हें अज्ञात नंबर से एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था। ग्रुप में स्टाक मार्केटिंग में ट्रेडिंग के लिए इन्वेस्ट करने के लिए मैसेज किए जाते थे। रिया बंसल और अमित सचदेवा नाम के दो लोग ग्रुप एडमिन थे। ग्रुप में लगातार बैंक की डिपोजिट स्लिप और विड्रोल से संबंधित फोटो मैसेज डाले जाते थे, लिहाजा विवेक को भी लगा कि वो भी इनवेस्ट कर रुपये कमा सकते हैं। उन्होंने ग्रुप में ट्रेडिंग की इच्छा जाहिर की। इस पर रिया ने उनसे संपर्क किया और उनका एक एप के जरिए अकाउंट खोला गया। शुरुआत में उन्होंने 20 हजार रुपये इन्वेस्ट किए। जिसका प्रॉफिट उनके खाते में दिखने लगा था। इसके बाद उनसे अलग–अलग कंपनियों में लगातार इन्वेस्ट करवाया गया। खाते में बाकायदा इसके प्रॉफिट की राशि दिख रही थी। बाद में उन्होंने कंपनी से रुपये निकालने के लिए कहा था, उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल करने के लिए कहा। कस्टमर केयर पर जिस व्यक्ति से बात हुई उसने कहा कि रकम निकालने के लिए उन्हें करीब 97 हजार रुपये टैक्स देना होगा, टैक्स नहीं दिया तो रकम डूब जाएगा। लिहाजा विवेक ने टैक्स के 97 हजार रुपये भी जमा कर दिए। ऐसे में अभी तक वो करीब 8.15 लाख रुपये दे चुके थे। बाद में उन्हें और रकम जमा करने के लिए कहा गया।

# बाबा केदार के दर पर श्रद्धालु, टोकन व्यवस्था ने आसान बनाए दर्शन

### केदारनाथ धाम की भव्यता, दिव्यता की वास्तविक अनुभूति कर रहे श्रद्धालु



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल जाने के दूसरे दिन शनिवार को प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं द्वारा बाबा केदारनाथ के दर्शन बहुत ही सरल, सुगम व्यवस्था के साथ किए जा रहे हैं। इस बार केदारनाथ धाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु टोकन व्यवस्था प्रारम्भ की गयी है।

श्रद्धालुओं को टोकन देकर दर्शन हेतु भेजा जा रहा है, टोकन प्राप्त होने के उपरान्त ही श्रद्धालु अपनी कतार में लग रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं द्वारा जोश एवं उत्साह के साथ बाबा केदार के दर्शन किये जा रहे हैं। गाजियाबाद से आए महेश कुमार ने बताया कि टोकन व्यवस्था के कारण उन्हें सुबह से लाइन में नहीं लगना पड़ा और अपने टाइम स्लॉट के हिसाब से वो बहुत आसानी से बाबा के दर्शन कर सके। सभी श्रद्धालु टोकन व्यवस्था को प्रशासन की बड़ी सकारात्मक पहल बताकर प्रशंसा के रहे हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुखद सुगम यात्रा व्यवस्था के अंतर्गत टोकन प्रणाली बनाई गई है, जिससे श्रद्धालु अपने टोकन निर्धारित समय पर बाबा केदारनाथ के दर्शन के सके एवं धाम की भव्यता, दिव्यता की वास्तविक अनुभूति कर सके।

# हरित चारधाम यात्रा के साथ ही स्वच्छता पर सरकार का फोकस : धामी

### मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के लिए 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को आईएसबीटी, ऋषिकेश में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित ह्लऋषिकेश से चारधाम यात्रा 2025ह्व के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया एवं श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के लिए ले जा रही 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि देवभूमि को पवित्र और स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि हरित चारधाम यात्रा के साथ ही स्वच्छता पर राज्य सरकार का विशेष फोकस है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के लिए आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए बाबा केदार, बद्रीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमनोत्री से सबकी सकुशल यात्रा की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि जब श्रद्धालु, यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर लौटें, देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों और सुखद अनुभव को साथ लेकर जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। इससे राज्य में लोगों के रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रेमचन्द अग्रवाल, मेयर शंभू पासवान, जीएमओयू अध्यक्ष भास्करानंद भारद्वाज, टीजीएमओसी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह नेगी, गढ़वाल मंडल कॉन्ट्रैक्ट अध्यक्ष संजय शास्त्री, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, नंदन सिंह रावत, रमेश चंद्र उप्रेती, हर्षवर्धन सिंह कृष्णा विभिन्न राज्यों से चार धाम यात्रा के लिए आए श्रद्धालु एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

#### मास्टर प्लान पर तेजी हुए कार्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ के पुनर्निर्माण और बदरीनाथ के मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य हुए हैं। गौरीकुंड से केदारनाथ तक रोपवे का कार्य पूर्ण होने के बाद यात्रा और ज्यादा सुगम होगी। ऑल वेदर रोड के निर्माण से पहले के मुकाबले आज यात्री काफी कम समय में ऋषिकेश से चार धाम पहुंच रहे हैं।

### नैनीताल घटना के विरोध में अल्मोड़ा बाजार अभूतपूर्व रूप से रहा बंद

अल्मोड़ा। नैनीताल में एक विशेष समुदाय के व्यक्ति द्वारा बालिका के साथ दुराचार की घटना के विरोध में शनिवार को अल्मोड़ा शहर पूरी तरह बंद रहा। माहौल को देखते हुए चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही। नैनीताल में हुई घटना को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने बैठक कर शनिवार को बाजार बंद का आह्वान किया था, जिसे व्यापारियों का अभूतपूर्व समर्थन मिला। विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य संगठनों की अपील पर सुबह से ही विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग बाजार में एकत्रित होने लगे और व्यापारियों से बंद का समर्थन करने की अपील की। हालांकि प्रांतीय व्यापार मंडल और देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने दुकानदारों से बाजार खुले रखने की अपील की थी, लेकिन इसका कोई असर नजर नहीं आया और चाय की छोटी दुकानों से लेकर विशाल मेगा मार्ट और जिओ मार्ट तक सभी प्रतिष्ठान बंद रहे। मुख्य बाजार में दवा दुकानों को छोड़कर लगभग सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद दिखाई दिए।

# रूस की विक्टरी डे परेड में शामिल नहीं होंगे राजनाथ सिंह



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस द्वारा नौ मई को मॉस्को में आयोजित विक्टरी डे परेड में शामिल नहीं होंगे और उनके स्थान पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ वहां भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मॉस्को में नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में रक्षा राज्य मंत्री सेठ को भेजने का कदम पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है।

**जर्मनी पर सोवियत विजय की याद में कार्यक्रम**

रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर होने वाली विक्टरी–डे परेड के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया था, लेकिन यह निर्णय लिया गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ इसमें शिरकत करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि अब रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रूस ने इस वर्ष विक्टरी डे परेड में भाग लेने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले वर्ष राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन और कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो बार रूस गए थे। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत के लिए भारत आने की उम्मीद है।

# खतरे में पाकिस्तान की सैन्य तैयारी, तोप गोले की भारी कमी



नई दिल्ली।पाकिस्तान की फौज इस वक्त बड़े संकट का सामना कर रही है। खबर है कि वहां तोपों में इस्तेमाल होने वाले गोला–बारूद की भारी कमी हो गई है। हालात इतने गंभीर हैं कि पाकिस्तान की सेना अब सिर्फ चार दिन तक ही कोई बड़ी जंग लड़ सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने हाल ही में यूक्रेन को भारी मात्रा में गोला–बारूद बेचा है, जिससे उसके अपने सैन्य भंडार लगभग खाली हो गए हैं। पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री, जो सेना के लिए गोला–बारूद बनाती है, पुरानी तकनीक और बढ़ती वैश्विक मांग के कारण नई सप्लाई नहीं जुटा पा रही है।

**सिर्फ 96 घंटे ही जंग में टिक सकेगा पाकिस्तान**

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के पास अब सिर्फ 96 घंटे यानी चार दिन तक ही किसी बड़े युद्ध में अपनी तोपों और रॉकेट सिस्टम को चलाने के लिए गोला–बारूद बचा है। यह स्थिति उसके लिए खासतौर पर खतरनाक है क्योंकि पाकिस्तान की सैन्य नीति भारत के मुकाबले तेजी से मोर्चा संभालने पर आधारित है। इसके लिए उसे 155 मिमी के गोले और 122 मिमी के रॉकेट की जरूरत होती है, जो अब स्टॉक में नहीं हैं।

**भारत से लंबी लड़ाई नहीं लड़ सकता पाकिस्तान— पूर्व सेना प्रमुख**

सोशल मीडिया पर भी अप्रैल 2025 में ऐसी खबरें आई थीं कि पाकिस्तान ने अपने अहम 155 मिमी के गोले यूक्रेन भेज दिए हैं, जिससे उसकी अपनी सेना के पास गोला–बारूद की भारी कमी हो गई है।

### एनआईए ने तहव्वुर राणा की आवाज और लिखावट के नमूने किए दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट में मुंबई आतंकवादी हमले के कथित मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की आवाज और लिखावट के नमूने एकत्र किए। राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव कुमार के समक्ष लाया गया, जिनके समक्ष एनआईए ने बंद कमरे में कार्यवाही के दौरान उसकी लिखावट के नमूने दर्ज किए। पेशी के दौरान राणा ने विभिन्न अक्षर और अंक लिखे थे। राणा का प्रतिनिधित्व करने वाले कानूनी सहायता वकील पीयूष सचदेव ने कहा कि उन्होंने हाल ही में अदालत के आदेश का पूरी तरह से पालन किया है, जिसमें उन्हें अपनी आवाज और लिखावट के नमूने प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने हाल ही में एनआईए को राणा की आवाज और हस्तलिपि के नमूने एकत्र करने की अनुमति दी थी।

# केदारनाथ धाम हेली सेवा, 7 मई से खुल रही जून यात्रा की बुकिंग

### केवल अधिकृत वेबसाइट से ही बुक की हेली



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की पवित्र यात्रा में सम्मिलित होने की इच्छा रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण सूचना सामने आई है। इस वर्ष की यात्रा के पहले माह अर्थात 2 से 31 मई 2025 तक की सभी हेली सेवा टिकटें पूर्ण रूप से बुक हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या और आस्था को देखते हुए यह स्पष्ट है कि हेली सेवा को लेकर इस बार भी अपार उत्साह देखने को मिला है। 1 जून से 30 जून 2025 तक के लिए हेली टिकट बुकिंग 7 मई 2025 से आरंभ होगी। इच्छुक श्रद्धालु इस तिथि से हेली सेवा के लिए अग्रिम बुकिंग कर सकेंगे।

प्रशासन द्वारा यह दोहराया गया है कि हेली सेवा टिकट बुकिंग का एकमात्र अधिकृत माध्यम भारतीय रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम की आधिकारिक वेबसाइट है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी अन्य वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज (जैसे फेसबुक या इंस्टाग्राम) या व्हाट्सएप चैटिंग लिंक के माध्यम से की जाने वाली बुकिंग न केवल अमान्य है, बल्कि ऐसे प्रयासों से साइबर ठगी की संभावनाएं अत्यधिक बढ़ जाती हैं। पुलिस विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को आगाह किया गया है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें और किसी भी अन्य माध्यम से टिकट खरीदने से बचें। यदि कोई व्यक्ति किसी फर्जी लिंक या अनाधिकृत एजेंट के चक्कर में पड़ता है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिसमें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ यात्रा से वंचित रह जाने की स्थिति भी बन सकती है।

**हेली टिकट नहीं मिली तो भी न हो निराश**

ऐसे श्रद्धालु जिनकी हेली टिकट अभी तक बुक नहीं हो पाई है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए अब भी अन्य पारंपरिक और सुगम विकल्प उपलब्ध हैं। श्रद्धालु पैदल मार्ग, घोड़े-खच्चर, पालकी अथवा डंडी-कंडी के माध्यम से भी यात्रा कर सकते हैं।

ये सभी सेवाएं स्थानीय प्रशासन की देखरेख में व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं।

# घबराहट में भारतीय अधिकारियों के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैला रहा पाकिस्तान




नई दिल्ली। पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर सीमा पार मीडिया चैनलों और आईएसआई से जुड़े कुछ 'ट्रोल नेटवर्क' ने भारतीय सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों को निशाना बनाते हुए फेक न्यूज प्रोपेगेंडा शुरू किया है। उन्होंने यह झूठा नैरेटिव गढ़ने का कुत्सित प्रयास किया है कि पहलगाम हमले में कथित चूक के लिए शीर्ष भारतीय अधिकारियों को दंडित किया गया है। हालांकि इसके बाद, भारत की ओर से इस आरोप का जोरदार खंडन किया गया है।

**दुष्प्रचार कर रहा पाकिस्तान**

एक भारतीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान का हालिया फेक न्यूज प्रोपेगेंडा सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के संयमित, लेकिन दृढ़ रुख के सामने उसकी हताशा का प्रमाण है। पारदर्शिता, पेशेवर ईमानदारी और संवैधानिक निगरानी में दृढ़ भारतीय सशस्त्र बल इस कुत्सित प्रयास से विचलित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए भारतीय साइबर निगरानीकर्ताओं और प्रतिष्ठानों ने त्वरित तथ्य–जांच का सहारा लिया है, ताकि शीघ्र खंडन जारी किया जा सके, पाकिस्तान–आधारित पोस्ट, चैनल एवं अकाउंट्स को ब्लाक किया जा सके और सशस्त्र बलों की मिशन–तैयारी के बारे में अफवाहों को खारिज किया जा सके।

**झूठ फैलाने की कोशिश विफल**

कुछ पाकिस्तानी चैनलों और ट्रोल नेटवर्क ने आरोप लगाया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा को कथित चूक के बाद बर्खास्त कर दिया गया और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के काला पानी में निर्वासित कर दिया गया। जबकि, लेफ्टिनेंट जनरल राणा को अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ के रूप में पदोन्नत किया गया था।

इसी तरह, पाकिस्तान स्थित कुछ इंटरनेट मीडिया हैंडल ने आरोप लगाया कि लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार को पहलगाम हमले से जुड़ी विफलताओं के कारण सेना की उत्तरी कमान से बाहर कर दिया गया।

### राजौरी ब्लास्ट के 2 आतंकियों का पहलगाम हमले से कनेक्शन?

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद जम्मू कश्मीर के चप्पे–चप्पे पर पुलिस और सुरक्षाबलों की नजर है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने इस आतंकी हमले की जांच अपने हाथों में ले ली है। इसी कड़ी में 2023 के राजौरी ब्लास्ट में शामिल 2 आतंकियों से पूछताछ कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ठकअ को शक है कि राजौरी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले दोनों आतंकियों का भी पहलगाम हमले में हाथ हो सकता है। दोनों से सवाल पूछने शुरू कर दिए हैं।

### समाधान दिवस पर कुर्ते में आग लगाकर पहुंचा किसान, मचा हड़कंप



नई दिल्ली। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुर्ते में आग लगाकर एक किसान पहुंचा। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस पर धोखाधड़ी के आरोपियों को बचाने का आरोप है। वहीं मुख्यमंत्री के नाम सुसाइड नोट लिखा है। साथ ही समाधान दिवस पर भारत माता के जयकारे लगाए। तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के दौरान गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी किसान सत्येन्द्र कुमार कुर्ते में आग लगाकर अधिकारियों के सामने पहुंचे। आग देखकर वहां अफरा–तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने आग को बुझाया। अधिकारियों ने किसान सत्येन्द्र के केस की आख्या मांगी है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शनिवार दोपहर करीब 1.45 बजे एडीएम एफ सौरभ भट्ट,उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवती ,तहसीलदार रजत सिंह और अन्य अधिकारी फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे। तभी किसान सत्येन्द्र कुमार अपने कुर्ते मे आग लगाकर भारत माता की जय बोलते हुए अधिकारियों के सामने पहुंचा। समाधान दिवस में मौजूद लोगों ने सत्येन्द्र कुमार से आग बुझाने के लिए कहा मगर किसान ने उनकी बात नहीं मानी।

## रक्षा तैयारियों में भारत की नयी पहल के साथ भारत की एक डील से पाकिस्तान खौफ में

**वसी जैदी**

भारत ने औपचारिक रूप से पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं माना है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से मधुबनी की रैली में सिंह गर्जना की, उससे पाकिस्तान खुद ही दुनिया को बता रहा है कि भारत उस पर हमला करने वाला है। यही नहीं, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने तो स्वीकार भी कर लिया कि उनका देश पिछले तीस सालों से आतंकवादियों को तैयार कर रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसा पाकिस्तान अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के लिए कर रहा था। जाहिर है, पाकिस्तान के तमाम मंत्री विदूषक की तरह अलग–अलग तरीके के बयान और गीदड़ भभकियां दे रहे हैं। जबकि इन सब से निश्चिंत भारत इस बार आतंकवाद के समूल नाश करने को लेकर बेहद गंभीर है। यही वजह है कि भारत की तीनों सेनाएं इस समय युद्धाभ्यास करने में व्यस्त हैं। दूसरी तरफ, भारत पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मैदान में भी घेरने की कोशिश कर रहा है, बल्कि यह कहना ज्यादा सही होगा कि भारत अपने इन प्रयासों में सफल भी हो रहा है। इस समय चीन को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देश आतंकवाद की इस लड़ाई में भारत के साथ हैं। कुल मिलाकर, भारत आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को लेकर बहुआयामी प्रयास कर रहा है। दरअसल, एक तरफ भारत पहलगाम हमले के गुनहगारों पर एक्शन लेने की तैयारी कर रहा है, तो दूसरी तरफ हम अपना डिफेंस पावर बढ़ाने में भी जुटे हैं। इसी के चलते भारत और फ्रांस के बीच बीते दिनों सबसे बड़ी डिफेंस डील हुई है। दरअसल, भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन फाइटर जेट खरीदने के करार पर हस्ताक्षर किए हैं। यह डील करीब 63 हजार करोड़ रुपये की होगी। ये 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान भारतीय नौसेना के लिए होंगे। कुछ समय पहले ही रक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ने इस डील को मंजूरी दी थी। इसके तहत फ्रांस भारत को 22 सिंगल–सीटर और 4 ट्विन–सीटर राफेल देगा। ये सभी राफेल विमान आईएनएस विक्रांत से ऑपरेट होंगे। अभी आईएनएस विक्रांत पर मिग–29 तैनात हैं। राफेल मरीन प्लेन मिग–29 की जगह लेंगे। बीते रोज राफेल मरीन विमानों के बेड़े के रखरखाव, लॉजिस्टिक सपोर्ट, पर्सनल ट्रेनिंग और स्वदेशी निर्माण को लेकर भी समझौता हुआ। भारत की इस डील से पाकिस्तान खौफ में है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद भारत ने आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में उतार दिया है। यह फ्रांस के साथ भारत का राफेल को लेकर दूसरा करार है। अभी तक फ्रांस भारत को 36 राफेल फाइटर जेट प्लेन दे चुका है, जो भारत की सरहदों पर अपनी गर्जना से दुश्मनों में कंपकंपी पैदा कर रहे हैं। 36 राफेल फाइटर प्लेन एयरफोर्स में तैनात हैं और इनके लिए अंबाला और हाशिमारा में एयरफोर्स दो स्क्वाड्रन बना चुका है। अब नए राफेल सौदों की डील हो रही है। इसके तहत मिलने वाले सभी 26 राफेल प्लेन इंडियन नेवी को मिलेंगे। इनकी तैनाती आईएनएस विक्रांत पर होगी, जो आईएनएस विक्रमादित्य के बाद भारत का दूसरा विमान वाहक पोत है। राफेल मरीन में पांच ऐसे हथियार हैं जो दुश्मनों को बेदम कर देंगे। इसमें एंटी–शिप मिसाइल ही नहीं लगी है, बल्कि जमीन और आसमान में निशाना भेदने वाली मिसाइलों से भी राफेल एम लैस है। राफेल मरीन में स्कैल्प मिसाइल लगी है, जो लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। राफेल एम मेटेयोर मिसाइल से लैस है, जो लंबी दूरी तक हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। राफेल की ताकत को लेजर गाइडेड बम और बढ़ा देते हैं । साथ ही, यह हैमर जीपीएस से भी लैस है, जो जीपीएस के जरिए सटीक हमला करने में सक्षम है। राफेल एम में नॉन गाइडेड क्लासिक बम भी लगे हैं, जो जमीन पर बमबारी करने वाले परंपरागत बम हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जिस मजबूती के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपना पक्ष रख रही है, उससे एक बात तो जाहिर है कि भारत इस बार आतंकवाद के आकाओं को सचमुच सबक सिखा कर रहेगा।

### पाकिस्तान बौखलाया हुआ

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं।

पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल पलाप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा।

इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू–कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है।

# छिड़ी बहस संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट?

**अजीत द्विवेदी**

भारत में एक बार फिर संसद और सुप्रीम कोर्ट की सर्वोच्चता की बहस छिड़ी है। यह बहस कुछ कुछ वैसी ही है जैसे यह बहस कि, 'पहले पेड़ आया या बीज' या 'पहले अंडा आया या मुर्गी'! इस बहस का कभी कुछ हासिल नहीं होने वाला है। फिर भी इस बहस को समय समय पर चलाया जाता है कि संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट? पिछले कुछ समय से यह बात ज्यादा सुनने को मिल रही है कि, 'संसद सर्वोच्च है' या 'देश के लोगों ने सांसदों, विधायकों को चुना है सरकार चलाने के लिए तो सुप्रीम कोर्ट को उसमें दखल नहीं देना चाहिए' या 'संसद कानून बनाने लगेगी तो संसद, विधानसभाओं में ताला लगा दिया जाए' या 'अब हमारे पास ऐसे जज हैं, जो सरकार चलाएंगे', आदि, आदि।

सवाल है कि क्या सचमुच न्यायपालिका कानून बना रही है? क्या सचमुच सुप्रीम कोर्ट सरकार को काम नहीं करने दे रहा है और सबसे ऊपर क्या सचमुच संसद सर्वोच्च है और सुप्रीम कोर्ट उसकी सर्वोच्चता का अतिक्रमण कर रहा है?

सबसे पहले इस वास्तविकता को समझ लेने की जरुरत है कि भारत में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में से कोई सर्वोच्च नहीं है। संविधान ने शक्तियों के पृथक्करण के मॉन्टेस्क्यू के सिद्धांत के आधार पर इन तीनों के बीच शक्तियों का बंटवारा किया है। सबकी जिम्मेदारी तय है और सबको एक दायरे में काम करना है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि भारत में संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि संसद सर्वोच्च है।

यह शासन की एक व्यवस्था है, जो संविधान पर आधारित है। असल में भारत में संवैधानिक लोकतंत्र को अपनाया गया है, जिसमें संविधान सर्वोच्च है। सभी अंगों को संविधान के हिसाब से काम करना है और संविधान के प्रावधानों की व्याख्या, उसकी मूल भावना के संरक्षण और उसकी सर्वोच्चता को अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट को दी गई है।

जिस समय केशवानंद भारती बनाम केरल सरकार के मामले की बहस चल रही थी उस समय देश के सबसे सम्मानित कानूनविदों में से एक ननी पालखीवाला ने संसद की सर्वोच्चता की दलील को खारिज करने के लिए जो कई तर्क दिए थे उनमे से एक यह तर्क यह भी था कि अगर संसद कानून बना कर लोकसभा का कार्यकाल बढ़ा दे तो कोई क्या करेगा? सोचें, अगर संसद में बहुमत वाली पार्टी कानून बना कर लोकसभा का कार्यकाल 20 साल कर दे तो इससे बचने का क्या रास्ता है?

अगर सरकार कहे कि उसे जनता ने चुना है और उसके हाथ में सारी ताकत दी है इसलिए वह संघीय व्यवस्था को खत्म कर रही है या मौलिक अधिकारों को समाप्त कर रही है तो संविधान को इस हमले से बचाने का क्या रास्ता होगा?

भारत के मामले में ऐसी कोई आशंका निर्मूल नहीं है। आखिर इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी तो लोकसभा का कार्यकाल छह साल का कर दिया था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए ही भारत के संविधान में न्यायिक समीक्षा का प्रावधान रखा गया है। राजनीति शास्त्र और संविधान का अध्ययन करने वालों को पता है कि भारत ने संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से अपनाई है लेकिन न्यायिक समीक्षा का प्रावधान अमेरिका से लिया है। भारत में संविधान बनाने वालों ने अनुच्छेद 13, 32, 131, 136, 143, 226 और 246 के तहत न्यायिक समीक्षा का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को दिया है।

संविधान निर्माताओं की मंशा पूरी तरह से स्पष्ट है। उन्होंने अनुच्छेद 13 में लिखा कि संसद या विधानसभा से बनाया गया कोई कानून अगर मौलिक अधिकारों के खिलाफ है तो वह अमान्य और अवैध होगा। इसके बाद अनुच्छेद 32 में लिखा कि मौलिक अधिकारों के हनन की स्थिति में कोई भी व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। इसी तरह अनुच्छेद 226 में लिखा है कि मौलिक अधिकार के हनन की स्थिति में कोई व्यक्ति हाई कोर्ट जा सकता है। ऐसे ही अनेक अनुच्छेद हैं, जिनमें कहीं केंद्र व राज्य के विवाद की स्थिति में या संविधान के 'बुनियादी ढांचे' पर हमले की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट के दखल देने की व्यवस्था है। संविधान बनाने वालों ने अनुच्छेद 368 के जरिए संसद को यह अधिकार दिया कि समय के साथ अप्रासंगिक होते जाने वाले संवैधानिक प्रावधानों में वह संशोधन करे लेकिन उसे संविधान को नष्ट करने का अधिकार नहीं दिया गया है।



अगर अदालत को लगता है कि संशोधन के नाम पर संविधान को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है या संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन उनकी मूल भावना के हिसाब से नहीं किया जा रहा है तो वह दखल देकर संविधान की मूल भावना को प्रस्थापित करने का कदम उठा सकती है।

तमिलनाडु के राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यही काम किया। यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं किया गया है कि विधानसभा से पास किए गए किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। लेकिन क्या इसका यह मतलब है कि राज्यपाल अनंतकाल तक विधानसभा से पास विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं? इसका मतलब तो यह होगा कि राज्यपाल चाहे तो वह किसी सरकार को काम ही नहीं करने दे! वह सरकार के सारे विधेयकों को अपने पास लंबित रखे और कामकाज ठप्प कर दे! इस तरह तो केंद्र सरकार राज्यपालों का इस्तेमाल करके राज्यों की सरकारों को पंगु कर सकती है।

आजादी के बाद लंबे समय तक इस मामले में सुधार की जरुरत नहीं महसूस हुई या सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की जरुरत नहीं पड़ी तो उसका कारण यह था कि किसी भी राज्यपाल ने तीन तीन साल तक विधेयक लटका कर नहीं रखे। जब राज्यपालों ने भाजपा विरोधी सरकारों को परेशान करने के लक्षित उद्देश्य से उनके विधेयकों को कई कई बरस तक लंबित रखा तब सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और विधेयकों की मंजूरी के लिए एक समय सीमा निश्चित करनी पड़ी। जो लोग सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से नाराज हैं उन्हें पहले इस बात पर सोचना चाहिए कि ऐसी नौबत क्यों आई?

यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति ही सुप्रीम कोर्ट के जजों और चीफ जस्टिस को नियुक्त करता है तो सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को कैसे निर्देश दे सकता है कि उसे कितने समय में बिल की मंजूरी देनी चाहिए? यह बहुत बचकाना और नासमझी भरा तर्क है। पहली बात तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दिया है, बल्कि केंद्र सरकार को दिया है क्योंकि संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर ही काम करना होता है। ध्यान रहे राष्ट्रपति केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर ही जजों की नियुक्ति को मंजूरी देता है।

दूसरी बात यह है कि भारत में जो शासन व्यवस्था बनी है उसमें राष्ट्रीय स्तर की सारी वैधानिक, संवैधानिक और कार्यकारी नियुक्तियां केंद्र सरकार के जरिए होती हैं। अमेरिका की तरह किसी भी नियुक्ति को संसद से मंजूरी नहीं लेनी होती है। इसलिए अगर इस तर्क को मानें कि कोई व्यक्ति अप्वाइंटिंग ऑथोरिटी को कैसे चैलेंज कर सकता है तब तो केंद्र सरकार या प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों आदि के किसी भी काम पर कोई सवाल नहीं उठा सकेगा! मिसाल के तौर पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनती है तो क्या चुनाव के समय चुनाव आयोग उस कमेटी के सदस्यों के किसी भी आचरण पर सवाल नहीं उठा सकता है या उन्हें निर्देश नहीं दे सकता है?

यह सब संविधान की नर्सरी स्तर की पढ़ाई से समझा जा सकता है बाकी मास्टर्स करने के लिए संविधान पढना होगा और ऐतिहासिक न्यायिक मामलों के बारे में गहराई से जानना होगा। संविधान के पहले संशोधन के बारे में पढ़ना होगा, 24, 25वें और 42 व 44वें संशोधन के बारे में विस्तार से पढ़ना होगा। गोलकनाथ बनाम पंजाब सरकार, केशवानंद भारती बनाम केरल सरकार, मिनर्वा मिल्स बनाम भारत सरकार, एडीएम जबलपुर केस आदि के बारे में विस्तार से पढ़ना होगा।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट और उसके चीफ जस्टिस पर किए जा रहे निजी हमले हों या संसद की सर्वोच्चता बताने वाले बयान हों इनका असल मकसद न्यायपालिका नाम की बाधा को रास्ते से दूर करना है।

यह पूरी तरह से राजनीतिक मामला है। पहले इंदिरा गांधी की सरकार ने यह काम किया था। आज भाजपा के बहुत से नेता और मीडिया चैनल भी इंदिरा गांधी के बयान सुनवा रहे हैं कि उन्होंने न्यायपालिका और जजों के बारे में क्या क्या कहा है। भाजपा से यह पूछा जाना चाहिए कि इंदिरा गांधी ने जो कहा या किया था वह सही था या गलत?

अगर भाजपा की नजर में वह गलत था तो फिर आज उसकी मिसाल देने या उसी तरह का काम करने की क्या जरुरत है? भारत की संसदीय प्रणाली संविधान के सम्मान के आधार पर काम करती है। समय समय पर हुई बहसों और न्यायिक मामलों से कुछ परंपराएं बनी हैं और कुछ नियम स्थापित हुए हैं। सबको उनका पालन करना चाहिए। अगर सरकार को या भाजपा को लग रहा है कि न्यायपालिका में बहुत कमियां हैं तो उनको ठीक करने की पहल संसद के जरिए करनी चाहिए। सार्वजनिक रूप से न्यायपालिका और जजों को अपमानित करना इसका समाधान नहीं है।

## कश्मीर घाटी के लोग पाकिस्तान के खिलाफ आंदोलित

**हरिशंकर व्यास**

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पिछले करीब चार दशक से चल रहा है। पिछली सदी में आठवें दशक के मध्य में इसकी शुरुआत हुई थी। उसके बाद करीब 40 साल में कोई मौका ऐसा नहीं आया, जब जम्मू कश्मीर में और खास कर कश्मीर घाटी के स्थानीय निवासियों के मन में पाकिस्तान के प्रति ऐसी नफरत पैदा हुई हो और उसका प्रकटीकरण भी हुआ हो, जितनी पहलगाम की घटना के बाद हुई है। पहली बार ऐसा हुआ है कि कश्मीर घाटी के लोग पाकिस्तान के खिलाफ आंदोलित हुई। अपने हिंदू बिरादरान के साथ खड़े हुए और आतंकवादियों को अपना दुश्मन बताया। इससे पहले किसी न किसी रूप में आतंकवादियों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिलता रहता है। वे अपने आर्थिक हितों और अपने जीवन से ज्यादा पाकिस्तान के इस नैरेटिव की लड़ाई लड़ते थे कि, 'कश्मीर उसके गले की नस है'।

पहलगाम में धर्म पूछ कर 27 हिंदुओं की हत्या किए जाने के बाद कश्मीरी आवाम आंदोलित हुआ है। हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। ऐसा नहीं है कि कोई पार्टी लोगों को मोबिलाइज कर रही थी। भाजपा ने भी अपनी ओर से कुछ प्रयास नहीं किया, जबकि उसके 29 विधायक हैं और वह एक बड़ी राजनीतिक ताकत है। लोग खुद ब खुद घरों से निकले और पाकिस्तान का विरोध किया। सबने एक स्वर में कहा कि यह हमला कश्मीरियत की भावना के ऊपर है। जाहिर है इतने बड़े विरोध के पीछे एक कारण यह भी था कि पहली बार आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर इतना बड़ा नरसंहार किया था और कश्मीर लोगों को भी इसके असर का अंदाजा होगा। लेकिन उसके साथ साथ एक कारण यह भी था कि आतंकवादियों ने इस अलिखित नियम का उल्लंघन किया था कि पर्यटकों या दूसरे बाहरी लोग, जो स्थानीय अर्थव्यवस्थ को सपोर्ट करते हैं उन पर हमला नहीं होना चाहिए।

पर्यटकों पर हमले का पहला असर तो यह हुआ है कि पर्यटन का हाई सीजन होने के बावजूद सारी बुकिंग रद्द होने लगी है। होटलों की 90 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। हवाई जहाज की टिकटें कैंसिल की जा रही हैं। लोग श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग आदि छोड़िए लोग वैष्णो देवी की यात्रा रद्द कर रहे हैं। सोचें, पिछले साल दो करोड़ 30 लाख पर्यटक कश्मीर गए थे। भारत के कुल 25 करोड़ लोगों ने घरेलू पर्यटन किया, जिसका 10 फीसदी अकेले कश्मीर गया था। इससे कितना राजस्व सरकार को और वहां के कारोबारियों को मिला होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

पिछले कुछ समय से जम्मू कश्मीर के बारे में धारणा बदली थी और अनुच्छेद 370 हटाए जाने का सकारात्मक असर दिखने लगा था। अनुच्छेद 370 हटाए जाने को जितने सहज रूप से वहां के आम लोगों ने स्वीकार किया और उसके बाद जैसे चुनाव के बाद लोकप्रिय सरकार का गठन हुआ उससे देश भर के लोगों में विश्वास बना और उन्होंने कश्मीर जाना शुरू किया। कश्मीर के लोग भी मुख्यधारा से जुडने लगे। वहां के नौजवान देश भर में पढ़ाई के लिए जाने लगे और अचानक अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर खेल कूद में कश्मीरी नौजवानों की भागीदारी बढ़ गई।


तभी वहां के स्थानीय कारोबारी, होटल वाले, टैक्सी वाले, खच्चर, घोड़े और डोली वाले सबकी जीविका पर खतरा मंडरा रहा है।

## भारत के सामने असल चुनौती

यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि आतंकवादी जब–तब हमारे सुरक्षा घेरे में छिद्र ढूंढने में कामयाब होते रहे हैं। इस मोर्चे पर कहां चूक रह जाती है और इन छिद्रों को कैसे भरा जाए– भारत के सामने असल चुनौती यह है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त संदेश देते हुए पांच महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनके तहत सिंधु जल संधि को लंबित अवस्था में डाल दिया गया है, अटारी चौकी को बंद कर दिया गया है, अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत योजना की सुविधा नहीं मिलेगी, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सेना, नौ सेना और वायु सेना सलाहकारों को भारत से जाने को कहा गया है और इस्लामाबाद स्थित अपने सलाहकारों को भारत वापस बुला रहा है; तथा दोनों स्थानों पर उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 घटा कर 30 करने का फैसला हुआ है। इनके बीच सिंधु जल संधि को निलंबित करने का व्यवहार में क्या असर होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। योजना अगर भारत से पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोकना है, तो उसके लिए ढांचा बनाना होगा, जो तुरंत नहीं हो सकता। वैसे भी यह विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ करार है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में ले जाने का पाकिस्तान को अधिकार है। बाकी निर्णयों के जरिए दिए गए सख्त पैगाम संभवतः जितना पाकिस्तान के लिए है, उतना ही भारत की नाराज जनता के लिए भी। बहरहाल, इन कदमों से आतंकवाद की कमर तोडने में क्या मदद मिलेगी, यह साफ नहीं है। भारत इस नतीजे पर है कि पहलगाम हमला लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े दहशतगर्दों ने किया, जिन्हें पाकिस्तान का संरक्षण हासिल है। इसलिए पाकिस्तान को सख्त संदेश देना तो जरूरी है, फिर भी अंतिम उद्देश्य आतंकवादी संगठनों और उनके समर्थक ढांचे को ध्वस्त करना होना चाहिए। उसके लिए सरकार की क्या योजना है, इसको लेकर अस्पष्टता बनी हुई है।

# विक्की कौशल बने एक जादूगर

विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वो फिल्म में एक जादूगर का रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर शूजित सिरकार कर रहे हैं, जिन्होंने पीकू और अक्टूबर जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं। फिल्म को राइजिंग सन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहा है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है,पोस्टर में विक्की कौशल का लुक न सिर्फ फैंटेसी और जादू का एहसास कराता है, बल्कि फिल्म की थीम को भी शानदार ढंग से बयां करता है. बैकग्राउंड में उड़ते ताश के पत्ते, कबूतर और मैजिकल बॉल्स इस फिल्म को विजुअली भी बेहद आकर्षक बनाते हैं. फैंस ने विक्की के इस नए अवतार को खूब सराहा है. सोशल मीडिया पर कमेंट्स की भरमार है – कोई उन्हें मैजिकल मैन कह रहा है तो कोई परफेक्ट चॉइस फॉर द रोल. फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन पोस्टर ने दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है.



## सूर्यवंशीकी आक्रमक बल्लेबाजी का क्या है राज

नई दिल्ली। आईपीएल के सबसे युवा शतकवीर राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को भले ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद निराशा का सामना करना पड़ा हो, लेकिन टीम के तेज गेंदबाजी कोच शेन बांड ने कहा कि इस 14 वर्षीय खिलाड़ी को चीजों को अधिक जटिल बनाए बिना अपने तरीके से खेलने की 'आजादी' दी गई है।

**35 गेंदों पर जड़ दिया था शतक**

सूर्यवंशी 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाकर आईपीएल में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। वह इस लीग में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बन गए, लेकिन गुरुवार को मुंबई इंडियंस के विरुद्ध अगले मैच में उन्हें झटका लगा। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज बांड ने कहा कि उसे अपने तरीके से खेलने की थोड़ी बहुत छूट मिली है। उसने अब तक एक 14 वर्षीय खिलाड़ी के तौर पर वाकई कमाल का काम किया है।

# पहलगाम हमले के बाद एशिया कप का हिस्सा नहीं होगा पाकिस्तान!

नई दिल्ली। पिछले महीने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था। सुनील गावस्कर ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वह पाकिस्तान को एशिया कप में हिस्सा लेते नहीं देख सकते। हमले के बाद से ही भारत में पाकिस्तान का लगातार विरोध हो रहा है। पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में बैन कर दिए गए हैं।




स्पोर्ट्स टुडे से बातचीत में गावस्कर ने कहा कि इउउक का रुख भारत सरकार जैसा ही होगा। अगर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव रहा तो पाकिस्तान टूर्नामेंट नहीं खेलेगा। गावस्कर ने कहा, "इउउक का रुख हमेशा से वही रहा है जो भारत सरकार उन्हें करने के लिए कहती है। मुझे नहीं लगता कि एशिया कप के मामले में इसमें कोई बदलाव होगा। भारत और श्रीलंका एशिया कप 2025 के मेजबान हैं, इसलिए यह इस बात पर निर्भर करता है कि चीजें बिल्कुल बदली हैं या नहीं, लेकिन अगर चीजें नहीं बदली हैं तो मैं पाकिस्तान को अब एशिया कप का हिस्सा बनते नहीं देख सकता।"

## सामंथा रुथ प्रभु द्वारा निर्मित पहली फिल्म शुभम का ट्रेलर लॉन्च



साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अभिनय के अलावा प्रोडक्शन में कदम रखा और उनके द्वारा निर्मित पहली फिल्म शुभम का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। इस फिल्म में अभिनेत्री मजेदार कैमियो में नजर आ रही हैं। आइए जानते हैं कैसा है इसक ट्रेलर।

सामंथा रुथ प्रभु द्वारा निर्मित फिल्म शुभम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दो मिनट 51 सेकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत कुछ पुरुषों की चर्चा से होती है, जिसमें वे अपने घर में अपनी पत्नियों से कॉफी मांगने के तरीकों को बताते हैं। इसी को लेकर एक पुरुष उन लोगों की इस बात से सहमत नहीं होता है। इसके बाद दिखाया जाता है कि महिलाएं एक खास समय पर टीवी शो देखने में व्यस्त हो जाती हैं, जिस कारण पुरुष अपना गुस्सा कंट्रोल नही कर पाते हैं। ट्रेलर के अंत में सामंथा एक माता के रूप में दिखती हैं, जिनसे सवाल किया जाता है कि पुरुषों का अब क्या होगा। यह एक हॉरर–कॉमेडी फिल्म है। सामंथा द्वारा निर्मित यह फिल्म सिनेमाघरों में 09 मई को रिलीज होगी। इस ट्रेलर को अभिनेत्री ने अपने यूट्यूब पर ऑफिशियल लॉन्च किया है।

## भूल चुक माफ का नया गाना सांवरिया तेरा जारी

राजकुमार राव को पिछली बार फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर उनकी इस फिल्म ने कुछ खास कमाल नहीं किया। पिछले कुछ समय से राजकुमार अपनी आगामी फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। अब निर्माताओं ने भूल चुक माफ का नया गाना सांवरिया तेरा जारी कर दिया है, जिसमें राजकुमार और वामिक डांस करते दिखे रहे हैं।

सांवरिया तेरा गाने को राघव चैतन्य, वरुण जैन, सुवर्णा तिवारी, प्रवेश मलिक और प्रियंका सरकार ने मिलकर गाया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।

# यंग खिलाड़ियों को लेकर अनिल कुंबले का बड़ा बयान

मुंबई, भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का कहना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर यह बताने से नहीं हिचकिचाते हैं कि उनके दायरे में क्या हो रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि एक खिलाड़ी का ब्रांड प्रशासक या प्रसारक जितना शक्तिशाली हो गया है। भारत के पूर्व कप्तान कुंबले भी हेडन की इस बात से सहमत थे कि जो खिलाड़ी पहले अपने ड्रेसिंग रूम में कैमरा रखने के लिए सहमत नहीं होते थे, वे अब माइक पकड़कर टीम की रणनीतियों पर चर्चा करने में खुश होते हैं। कुंबले ने यहां एक पैनल चर्चा के दौरान कहा कि क्रिकेट में जो भी नए बदलाव आए हैं उनमें से अधिकतर प्रसारण से जुड़े हुए हैं।



**क्रिकेटर नहीं हिचकिचाते**

कुंबले ने कहा कि पहले खिलाड़ी इन नए परिवर्तनों का उपयोग करने से हिचकिचाते थे लेकिन अब समय बदल रहा है। यदि आप 2008 से लेकर अब तक की स्थिति को देखें, तो प्रसारण के नजरिए से भी, आईपीएल में, क्रिकेट में बड़े पैमाने पर नई चीज जुड़ी हैं। कुंबले इस बात से सहमत थे कि लगभग हर कोई एक ब्रांड बनने की कोशिश कर रहा है और इंटरनेट मीडिया इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया की बदौलत हमने पिछले कुछ वर्षों में यही बदलाव देखा है। एक युवा खिलाड़ी या एक स्थापित खिलाड़ी के रूप में, आप हर किसी को अपने जीवन में आने दे रहे हैं। क्या चल रहा है, लोग उसका प्रदर्शन कर रहे हैं। आपका व्यक्तित्व क्या है, लोग उसका प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए उन्हें कैमरों के सामने आने से कोई आपत्ति नहीं है।

**एक खिलाड़ी का ब्रांड क्रिकेट बोर्ड**

भारत के पूर्व कप्तान ने कहा कि जीत के बाद भी हमारे लिए ड्रेसिंग रूम में कैमरा लाना आसान नहीं था।

## एक नजर

### 11 खिलाड़ियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रीकोट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 11 खिलाड़ियों का चयन मुख्यमंत्री उदयीमान प्रोत्साहन खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत हुआ है। चयनित खिलाड़ियों की उम्र आठ से तेईस वर्ष के बीच है।

खेल विभाग पौड़ी द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सात खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री उदयीमान योजना के तहत और चार खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के तहत चयनित किया गया है। ये सभी छात्र नगर के विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत हैं। स्व. बिपिन रावत स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रीकोट में छात्रों को प्रशिक्षण देते एथलेटिक्स कोच विकास शाह ने बताया कि यह छात्रवृत्ति खिलाड़ियों के समर्पण और मेहनत का परिणाम है।

प्रशिक्षण प्रतिदिन सांय 4:30 बजे से 6:00 बजे तक दिया जाता है। बताया कि चयनित खिलाड़ियों में समर्थ असवाल लगातार तीसरी बार छात्रवृत्ति का लाभ उठा रहा है। वहीं, प्रोत्साहन योजना के तहत काजल बिष्ट (ताइक्वांडो), सुशील (कबड्डी), और दो अन्य एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन हुआ है। वहीं, उदयीमान योजना में चयनित सभी सात खिलाड़ी एथलेटिक्स से संबंधित हैं। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को प्रतिमाह प्रंदह सौ रुपये व दस हजार खेल सामग्री हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है। (एजेंसी)

### संस्कृत विद्यालय में नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत

श्रीनगर गढ़वाल : श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय, श्रीनगर में नवीन प्रवेशोत्सव एवं राज्य स्तरीय वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह के दौरान कक्षा 6 से 9 तक के 29 नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया व उन्हें संस्कृत के महत्व से परिचय कराया गया। प्रदेश स्तर पर बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी ने बताया कि संस्कृत विद्यालय के छात्र उच्च शिक्षा से लेकर सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं। बताया कि इस बोर्ड परीक्षा में श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय के अभिषेक मंमगाई ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि विद्यालय के दो अन्य छात्रों ने पूर्व माध्यमा हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश स्तर पर पांचवा व छठा स्थान प्राप्त किया है। कहा कि विद्यालय में छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। कहा कि विद्यालय के अन्य पूर्व छात्र भी सरकारी सेवाओं से लेकर उच्च शिक्षा, धार्मिक क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस मौके पर सहायक निदेशक (संस्कृत) मनोज कुमार सिमल्टी, प्रबंधक हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राघव मोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि लखपत सिंह भंडारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा नंद मैठाणी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### लंबे समय से बीमार चल रहे साधु की मौत

श्रीनगर गढ़वाल : धारी देवी के समीप विगत लंबे समय से बीमार चल रहे साधु की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू की। श्रीनगर कोतवाली के कोतवाल जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि साधु काफी बुजुर्ग था व लंबे समय से बीमार चल रहा था। बताया कि साधु की मौत प्राकृतिक है। बताया कि साधु के पास किसी तरह का पहचान पत्र नहीं था, शव का पोस्टमार्टम व पंचायतनामा की कार्यवाही के बाद विधि विधान से पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार किया जायेगा। (एजेंसी)

# डेंगू से जंग की तैयारी, बेस अस्पताल में डेंगू वार्ड तैयार

## डेंगू की प्राथमिक जांच के लिए एलाइजा मशीन की भी ली जा रही सुध


कोटद्वार का बेस चिकित्सालय, जहां डेंगू से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार ने डेंगू से जंग की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए डेंगू की प्राथमिक जांच के लिए एलाइजा मशीन की भी सुध ली जा रही है। अस्पताल में डेंगू के उपचार के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही डेंगू वार्ड की व्यवस्था भी बनाई जा रही है। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की बात करें तो सप्ताह भर पूर्व बैरोमीटर का पारा 36 डिग्री सेंटीग्रेड के आंकड़े को छू गया था। वहीं, चार दिन पूर्व हुई बारिश से मौसम में बदलाव हुआ और तापमान गिरकर तीस डिग्री तक आ गया। जगह-जगह पानी जमा होने से डेंगू मच्छर के पनपने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। कोटद्वार में भले ही अभी तक डेंगू का कोई मामला प्रकाश न आया हो। लेकिन, देहरादून में डेंगू पीड़ित मरीजों का आंकड़ा बढ़ा था। कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय प्रशासन ने डेंगू से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चिकित्सालय में बीस बैड का डेंगू वार्ड बनाया गया है, जिसमें डेंगू पीड़ितों को डेंगू मच्छर के डंक से बचाने के लिए प्रत्येक बैड पर मच्छरदानी की व्यवस्था है। हालांकि, अभी कोई मरीज नहीं है, इस कारण बैड पर मच्छरदानी नहीं लगाई गई है। इसके बाद डेंगू मरीजों के लिए चार प्राइवेट वार्ड भी रखे गए हैं।

### एलाइजा मशीन को अपग्रेड करने की तैयारी

डेंगू की पुष्टि के लिए मरीज का एलाइजा टेस्ट किया जाता है। जिसके लिए बेस चिकित्सालय में एलाइजा रीडर मशीन उपलब्ध है। चिकित्सालय प्रशासन की ओर से इस मशीन को अपग्रेड करने के लिए संबंधित कंपनी के तकनीशियन को निर्देशित गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही संबंधित तकनीशियन चिकित्सालय में पहुंच मशीन को अपग्रेड कर सुचारू कर देगा।

### इन बातों का रखे ध्यान

1. डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए अपने आसपास पानी एकत्रित न होने दें
2. घर में मौजूद बच्चों व बुजुर्ग को फुल बाजू के पकड़े पहनाएं
3. घर में मौजूद गमले व कूलर में पानी जमा न होने दें।
4. किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर चिकत्सक की सलाह ले।

### डेंगू होने पर बरते सावधानी

1. घर का बना साफ-सुथरा और ताजा भोजन ही करें।
2. पानी पर्याप्त मात्रा लें, लेकिन जबरदस्ती पानी न पीएं, इससे उल्टी हो सकती है।
3. विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

## मरम्मत कार्य में लापरवाही पाए जाने पर अफसर पर होगी कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता स्तर-1 पौड़ी ओम प्रकाश ने जनपद पौड़ी की सड़कों में हो रहे पैचवर्क का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अफसरों को गुणवत्ता के साथ सड़कों का पैचवर्क 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में हीलाहवाली पाए जाने पर संबंधित अफसर के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता स्तर-1 पौड़ी ओम प्रकाश ने पौड़ी-ल्वाली-कालेश्वर मोटर मार्ग पर पैचवर्क मरम्मत कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता भी परखी। जो संतोषजनक मिली। उन्होंने बताया कि जिले में राज्य मार्गों, मुख्य जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों में पैचवर्क मरम्मत के कार्य का 445 किमी. लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष अभी तक 248 किमी. पैचवर्क हो गया है। जो 50 फीसदी ही है। जिले के सभी लोनिवि खंडों में 7 करोड़ 20 लाख की लागत से यह वैचवर्क मरम्मत कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड पौड़ी विवेक सेमवाल, सहायक अभियंता सुरेश पाल, अपर सहायक अभियंता वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## नन्दप्रयाग सावरीसैंण चमोली मोटर मार्ग रहेगा प्रतिबंधित

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नन्दप्रयाग सावरीसैंण चमोली मोटर मार्ग 04 व 05 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 07 बजे तक यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत नंदप्रयाग चमोली वाया सावरीसैंण मोटर मार्ग पर ट्रैफिक होल्डिंग प्वाइंट का निर्माण व सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिए 04 व 05 मई को प्रातः 07 बजे से सायं 07 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित की गयी है।

## धूमधाम से मनाया बहुप्रतीक्षित अलंकरण समारोह


कोटद्वार की यूनिकस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित यूनिकस अकादमी का बहुप्रतीक्षित अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल रितेश उनियाल (सेनि.) ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि अनुशासन व ईमानदारी ही देश की सच्ची सेवा है। अभव रावत व प्रधानाचार्य मान सिंह सुब्बा ने विद्यार्थियों को बैज प्रदान किए। काव्या नेगी ने विद्यार्थियों को स्कूल प्रीफेक्ट के रूप में शपथ दिलवाई। कहा कि एकता व नेतृत्व के साथ किसी भी कार्य को सरल बनाया जा सकता है। इस मौके पर अनुज सिंह भंडारी, निष्कर्ष त्रिपाठी, ऋषभ सिंह नेगी, रूद्र प्रताप सिंह, शिवांश रावत, देवांश नेगी, नव्य बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## नींद से जागा सरकारी सिस्टम, बाजार में चलाया सत्यापन अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सत्यापन अभियान को लेकर लापरवाह बने सरकारी सिस्टम की नींद शनिवार को खुल गई है। पुलिस व प्रशासन ने बाजार में पहुंचकर रेहड़ी-ठेली व फड वालों के लाइसेंस चेक किए। साथ ही बिना सत्यापन कर्मचारियों को काम पर रखने वाले व्यापारियों के भी चालान किए गए।

शनिवार को उपजिलाधिकारी सोहन सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के नेतृत्व गोखले मार्ग, झंडाचौक, नजीबाबाद चौराहे के साथ ही अन्य स्थानों पर अभियान चलाया गया। जैसे ही टीम बाजार में पहुंची रेहड़ी-ठेली वालों में आफरा-तफरी मच गई। टीम ने रेहड़ी-ठेली लगाने वालों के लाइसेंस भी चेक किए। कहा कि बिना लाइसेंस किसी को भी रेहड़ी-ठेली या फड नहीं लगानी दी जाएगी।

अभियान के दौरान अतिक्रमण कर खड़ी रेहड़ी–ठेलियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने दुकानों में पहुंचकर वहां काम कर रहे कर्मचारियों के बारे में भी जानकारी जुटाई। साथ ही व्यापारियों को अपने कर्मचारियों का सत्यापन अवश्य करवाने के आदेश दिए। कहा कि बिना सत्यापन कर्मचारियों को रखने पर दुकान स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान आमजन से भी शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। साथ ही लोगों से वाहन सड़क किनारे बनी सफेद पट्टीक अंदर खड़ा करने की अपील की गई। कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शहरवासियों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए।


कोटद्वार के गोखले मार्ग में सत्यापन अभियान चलाती पुलिस व प्रशासन की टीम

## गरीबों के हित में काम कर रहा समाज कल्याण : रजनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : समाज कल्याण विभाग अनुश्रवण समिति की उपाध्यक्ष रजनी रावत ने लकड़ी पड़ाव व काशीरामपुर क्षेत्र में आपदा पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों को सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि गरीब व असहाय परिवारों की मदद के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। हर परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

रजनी रावत ने काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खोह नदी के आपदा प्रभावितों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल के दौरान सैकड़ों भवन खोह नदी की भेंट चढ़ गए थे, जिससे कई परिवार बेघर हो गए।

ऐसे परिवारों के कल्याण के लिए समाज कल्याण विभाग गंभीरता से कार्य कर रहा है। परिवारों को दोबारा आशियाना उपलब्ध हो, इसके लिए स्थानीय प्रशासन को भी निर्देश दिए जाएंगे। कहा कि समाज कल्याण के माध्यम से गरीब परिवारों को बेटी का विवाह, पेंशन सहित अन्य लाभ दिए जा रहे हैं। यदि कोई भी योजनाओं से वंचित रहता है तो वह स्वयं उनसे मुलाकात कर सकता है। उन्होंने परिवारों से समय-समय पर मिलने की भी बात कही। कहा कि वह स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे।


कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला में आपदा प्रभावितों को संबोधित करती समाज कल्याण विभाग अनुश्रवण समिति की उपाध्यक्ष रजनी रावत

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर हुई कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आठ से अधिक लोगों का चालान करते हुए उन्हें भविष्य में दोबारा यह गलती नहीं करने की सख्त हिदायत दी।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि कई व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर गश्त कर लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार रात पुलिस ने आठ व्यक्तियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। साथ ही लोगों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

## नैनीताल की घटना के विरोध में भाजपाईयों ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के विरोध में श्रीनगर के गोला पार्क में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों को कठोर दंड देने की मांग करते हुए सरकार से कड़ी कार्रवाई की अपील की।

कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर पुतला दहन करते हुए विशेष समुदाय के लोगों की घटना में संलिप्ता पर भी आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी ने कहा कि 12 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना अत्यंत अमानवीय और समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष समुदाय के 72 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की घिनौनी हरकत समाज के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से पहाड़ की शांत संस्कृति को ठेस पहुंच रही है और यह हमारे सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर खतरा है। कहा कि सरकार को भारतीय न्याय संहिता में ऐसे प्रावधान लाने चाहिए, जिससे बलात्कार जैसे अपराधों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसा अपराध करने की हिम्मत न कर सके। इस मौके पर नगर निगम पार्षद झाबर सिंह, शुभम प्रभाकर, पंकज सती, उज्जवल अग्रवाल, भाजपा मीडिया प्रभारी गणेश भटट, आशा उपाध्याय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास

चमोली : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कर्णप्रयाग की अदालत ने शनिवार को पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा न करने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। दोषी घटना के बाद से जेल में है। कर्णप्रयाग के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुधीर राणा ने बताया कि 10 जुलाई 2020 को मृतका की मां मुन्नी देवी ने गैरसैंण के तहसीलदार को तहरीर देकर बताया था कि सात जुलाई 2020 को मेरी लड़की गंगा देवी की उसके ससुरालियों ने मारपीट कर हत्या कर दी है। जिस पर तहसीलदार ने राजस्व पुलिस को घटनास्थल पर भेजा। जिस पर पुलिस ने मृतका गंगा देवी के पति प्रेमबल्लभ सती, ग्राम घंडियाल मल्ला (सतीखोला) तहसील गैरसैंण को गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल प्रसाद ने मामले की विवेचना कर 11 नवंबर 2020 को प्रेमबल्लभ सती के खिलाफ गंगा देवी की हत्या करने, साक्ष्य छिपाने, विवाहित स्त्री के प्रति क्रूरता और दहेज मृत्यु की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत में करीब पांच साल के विचारण के दौरान मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों लिखित बयान दर्ज करवाए गए। दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कर्णप्रयाग विनोद कुमार की अदालत ने प्रेम बल्लभ सती को पत्नी गंगा देवी की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंढ की सजा सुनाई है।

## तापमान घटने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली

हरिद्वार। धर्मनगरी में शनिवार को धूप की तपिश कम रही। इस दौरान लोगों को गर्मी से राहत मिली। साथ ही तापमान में गिरावट के कारण दिन में गर्मी का एहसास कम रहा।

शनिवार को अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई।

बहादराबाद अनुसंधान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को धर्मनगरी में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शुक्रवार को सुबह के समय बारिश पड़ने के बाद अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा था।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि बेचने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज कर दो से अधिक लोगों को भूमि बेचने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

23 अक्टूबर 2024 शिब्बूनगर निवासी महेंद्र सिंह रावत की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह विदेश में नौकरी करते हैं। वर्ष 2021 में उन्होंने दिव्यम बिष्ट नामक एक व्यक्ति से 320 वर्ग मीटर भूमि कोटद्वार में अपनी पत्नी के नाम पर 30 लाख रुपये में खरीदी। बताया कि भूमि खरीदने के बाद वह दाखिल खारिज नहीं करवा पाएं और वापस विदेश नौकरी में चले गए। बताया कि कुछ समय बाद जब वह दाखिल खारिज करवाने गए तो पता चला उन्होंने भूमि नजीबाबाद निवासी शालू सिंघल को बेच दी गई है। जब वह भूमि पर कब्जा लेने गए तो भूमि पर संगीता देवी नाम की महिला का कब्जा था। जानकारी जुटाने पर पता चला कि दिव्यम ने उक्त भूमि फर्जी तरीके से बेच दी है। पुलिस ने बताया कि शिब्बूनगर निवासी आरोपित दिव्यम बिष्ट को देवी रोड के समीप से गिरफ्तार किया गया।


कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

## आईएचएमएस कोटद्वार के छात्रों ने बनाया कृषि प्रोटोटाइप रोबोट

### कंप्यूटर साइंस के होनहार छात्रों उरूज, सुरभि और कौशल ने किया आविष्कार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार के कंप्यूटर साइंस विभाग के होनहार छात्र उरूज सिद्दकी, सुरभि जोशी और कौशल ने मिलकर एक नवोन्मेषी कृषि प्रोटोटाइप ह्यरोबोटह्व तैयार किया है।

कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर अनुराग सेमवाल ने बताया कि ह्यरोबोटह्व एक स्मार्ट रोवर है, जो खेती से जुड़ी कई प्रक्रियाओं को स्वचालित करने में सक्षम है। इस रोबोट में उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है।



इस रोबोट से मिट्टी में नमी का सेंसर जो उर्वरता स्तर का पता लगाता है और आवश्यकता पड़ने पर सेहचर स्वतः पानी का छिड़काव करता है, जिससे जल संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। बताया कि अल्ट्रा सोनिक सेंसर की मदद से रोबोट रास्ते में आने वाली रुकावटों का पता लगाता है और सुरक्षित संचालन के लिए अपने आप रुक जाता है। साथ रोबोट एक निर्धारित दूरी पर पानी का छिड़काव भी करता है और इसे जावा-आधारित मोबाइल एप्लिकेशन से संचालित किया जा सकता है, जिससे किसानों को खेत प्रबंधन में अधिक लचीलापन प्राप्त होता है। एचओडी ने बताया कि छात्रों ने भविष्य में इसमें एआई आधारित पूर्वानुमान विश्लेषण जोड़ने की भी योजना बनाई है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता, मौसम की स्थिति और फसलों के स्वास्थ्य का पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। इससे किसान अधिक डेटा-आधारित निर्णय ले पाएंगे और खेती को और अधिक कुशल बनाया जा सकेगा।

कालेज के ईडी अजय राज नेगी ने बताया कि कालेज में छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा के अलावा विभिन्न गतिवधियां कराई जाती है। यही कारण है कि कालेज से शिक्षा गृहण करने के बाद यहां के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस अविष्कार को कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए, छात्रों को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### चंडीघाट चौकी के पास गड्ढों और अधूरे कार्यों ने बढ़ाई चिंताएं

हरिद्वार। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 74 पर चंडीघाट चौकी के पास गहरी दरारें और गड्ढे बने हुए हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों को मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। एनएच के अधिकारियों को यात्रा शुरू होने के बाद भी उसकी कोई परवाह नहीं है। इससे यहां कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा है। चंडी घाट पुल के पास बने गहरे गड्ढों के कारण यहां वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है। मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना, धामपुर, स्योहारा आदि क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु और स्थानीय लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से शहर में पहुंचते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं0 08/2025 दिनांक :- 02.05.2025**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनाँक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025 दूसरी कॉलः– मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्थानों पर आवासीय भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना। | 66297037.00 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 481500.00 | 12 (बारह) माह | निविदायें दिनांक 26.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1317/2025

## संक्षिप्त समाचार

### वेतन से नियमित अंशदान कटौती के बाद भी नहीं मिल रहा लाभ

हरिद्वार।प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड के प्राविधानानुसार निर्धारित सुविधा नहीं मिल रही। जबकि प्रतिमाह उनके वेतन से गोल्डन कार्ड के नाम पर नियमित अंशदान की कटौती की जा रही है। कहा या गोल्डन कार्ड के अनुरूप सुविधा मिले अन्यथा वेतन से नियमित होने वाली अंशदान की कटौती को तत्काल बंद की जाए। शनिवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी के माध्यम से स्वास्थ्य निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा।जिला महामंत्री दर्शन सिंह पवार ने कहा कि ब्लॉक बहादराबाद के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 42 और 43 में विलय ना किया जाए। बल्कि जब तक विद्यालय के लिए जमीन और भवन नहीं मिल जाता। तब तक अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। इस निर्णय से भोजनमाताओं के साथ ही शिक्षकों के पद घट जाएंगे।

### भेल से रिटायर बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 25 लाख ठगे

हरिद्वार। भेल से रिटायर बुजुर्ग कर्मचारी को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर 25 लाख की रकम ठग ली। पुलिस ने शनिवार को अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीएचईएल से रिटायर तिरलोचन सिंह शिवालिक नगर में रहते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को उनके पास व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्तियों ने कहा मुंबई में उनके आधार नंबर के खिलाफ कुछ अवैध लेनदेन की पहचान हुई है। पुलिस की वर्दी में एक घंटे से अधिक समय तक व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर बात करते हुए धमकाते रहे। इस बीच उनसे बैंक में जमा बचत के बारे में जानकारी जुटाई और पूरी रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा।

### गंदगी पाए जाने परे नजीबाबाद मार्ग पर स्थित तीन ढाबों के फूड लाइसेंस निलंबित

हरिद्वार। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नजीबाबाद मार्ग पर सजनपुर और चिड़ियापुर में ढाबों और भोजनालयों पर छापेमारी की। टीम ने तीन ढाबों में अनियमितताएं और गंदगी पाए जाने पर उनके फूड लाइसेंस निलम्बित कर दिए। उन्हें नोटिस जारी कर सात दिन में कमियों को दूर करने निर्देश दिए। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने चिड़ियापुर के मामा भांजा गढ़वाली बाबा, न्यू स्टार गढ़वाली ढाबा और हिमालयन भोजनालय के फूड लाइसेंस सात दिन के लिए निलम्बित कर दिए। बताया कि सजनपुर के खैरा पंजाबी ढाबा को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने, कुछ खाद्य पदार्थों को सीधे जमीन पर संग्रह करने के कारण नोटिस जारी कर कमियों को दूर कर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए।

### बाजपुर चीनी मिल के चीफ इंजीनियर को पीटने वाला कर्मचारी सस्पेंड

काशीपुर। बाजपुर चीनी मिल परिसर में चीफ इंजीनियर अभिषेक कुमार के साथ मारपीट करने एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के आरोपी कर्मचारी शोभित दीक्षित को जीएम ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। बीते शुक्रवार को चीनी मिल परिसर में चीफ इंजीनियर अभिषेक कुमार तथा इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत कर्मचारी शोभित दीक्षित के बीच अनुशासनहीनता को लेकर लेकर विवाद हो गया था। आरोप था कि शोभित दीक्षित ने चीफ इंजीनियर से अभद्रता करते हुए उनके साथ गन्ने से मारपीट की थी। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर भी दी थी। वहीं चीफ इंजीनियर ने चीनी मिल के जीएम गोपाल सिंह चौहान को भी मामले की शिकायत मिली थी, जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से शोभित दीक्षित को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। साथ ही उसे समय कार्यालय में अटैच कर दिया। साथ ही उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया है।

### केलाखेड़ा गडरी नदी में मिला 33 वर्षीय युवक का शव

काशीपुर। शनिवार की सुबह नगर पंचायत केलाखेड़ा की गडरी नदी में युवक का शव मिला। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं शव की शिनाख्त 33 वर्ष के दीपक सैनी निवासी हनुमान मूर्ति चौक मुरादाबाद के रूप में हुई है।

# आदि गुरु शंकराचार्य जी गद्दी पहुंची बदरीनाथ धाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रियाओं के तहत शनिवार को भगवान उद्धव, गरुड़ उत्सव डोलियां और आदि गुरु शंकराचार्य जी गद्दी परम्परा अनुसार बदरीनाथ धाम पहुंच गई हैं। जबकि भगवान कुबेर जी की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए बामणी गांव स्थित मां नंदा देवी मंदिर में पहुंच गई है।



धाम के कपाटोत्सव के लिए बीकेटीसी की ओर से मन्दिर को 15 कुंतल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। वहीं धाम के कपाट खुलने के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में देश और विदेश के श्रद्धालुओं के धाम में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं धाम में जहां तीर्थयात्रियों की आवाभगत के लिए होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों का संचालन शुरू हो गया है। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। टोकन व्यवस्था 04 मई से ही प्रारम्भ होगी। वहीं जिसने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं किया है उनका ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस मौके पर बदरीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी, ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, धर्माधिकारी राधा कृष्ण थपलियाल सहित बीकेटीसी के अधिकारी, कर्मचारी और हजारों की संख्या में तीर्थयात्री मौजूद रहे।

### कछुआ गति से चल रही पथरी के दर्जनों गांव में ओवरहेड टैंकों का कार्य

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के पदार्था सहित दर्जनों गांव में बनाई जा रही पानी की टंकी का कार्य धीमी गति से होने के कारण ग्रामीण नाराज नजर आ रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पानी की लाइन डालने के लिये खोदी गई सड़क की मरम्मत भी नहीं कराई गई है। मामले में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जल्द कार्य पूरा करने की मांग की है। गांव पदार्था, धनपुरा, घोसीपुरा, घिससुपुरा, फेरुपुर, रानीमाजरा, झाबरी सहित कई गांव में ग्राम पंचायत द्वारा हर घर जल योजना से बनाई जा रही पानी की टंकी व पाइप लाइनो का कार्य धीमी गति से चलने के कारण गांववासी परेशान हैं। मामले में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही के चलते दो वर्ष बीतने के बाद भी ओवरहेड टैंक का कार्य खत्म नहीं किया गया है।

# श्री केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को मिलेगी फ्री वाईफाई सुविधा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से अपना स्वयं का मोबाइल नेटवर्क स्थापित करने वाला पहला जिला बना रुद्रप्रयाग। चारधाम यात्रा पर देश-विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुखद और सुगम हो इसके लिए राज्य सरकार एवं प्रशासन लगातार नए प्रयास कर रहा है। देश की सबसे कठिन पैदल यात्राओं में से एक श्री केदारनाथ धाम यात्रा ने इस दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किया है। केदारपुरी में दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब फ्री वाईफाई की सुविधा उपलब्ध होगी। शनिवार को इसका सफल ट्रायल होने के बाद यह सुविधा श्रद्धालुओं को समर्पित कर दी गई है। बाबा के दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालुओं ने इसपर खुशी जाहिर करते हुए सरकार और जिला प्रशासन को इसके लिए आभार जताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की पहल पर आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील रुद्रप्रयाग जनपद ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए अपना स्वयं का मोबाइल नेटवर्क स्थापित किया है। इस नेटवर्क को 'डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिसोर्स नेटवर्क' नाम दिया गया है। यह नेटवर्क न केवल आपदा या किसी भी विकट परिस्थिति में लगातार संचालित रहेगा, बल्कि इसमें मोबाइल डाटा, वॉयस कॉलिंग और हाई क्वालिटी सीसीटीवी विजुअल्स की भी सुविधा उपलब्ध है। इसी रिसोर्स नेटवर्क के तहत श्रद्धालुओं को अब फ्री वाईफाई की सुविधा मिलने जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि वाईफाई का फायदा उठाने के लिए वाईफाई सेटिंग पर जाकर अपना मोबाईल नंबर पंजीकृत करना होगा, जिसके बाद एक ओटीपी मोबाइल नंबर पर आएगा जिसे भरने के बाद आधे घंटे तक हाई स्पीड वाईफाई का लाभ उठाया जा सकता है।

**देश का पहला मॉडल**

रुद्रप्रयाग देश का पहला जनपद बन गया है, जिसके पास अपना अलग और संपूर्ण मोबाइल नेटवर्क है। जुलाई 2024 में केदारनाथ पैदल मार्ग पर आई आपदा के दौरान जब अन्य मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गए थे, तब यही नेटवर्क यात्रियों, मजदूरों और रेस्क्यू टीमों के लिए जीवन रेखा बना। इससे रास्ते में फंसे लोगों ने अपने घरों से संपर्क किया और राहत एवं बचाव कार्यों में भी अत्यंत मदद मिली।

# श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन कराने के लिए पुलिस सदैव तत्पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम में इस वर्ष श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। कपाट खुलने के पहले ही दिन तीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान केदार के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या के कारण दर्शन एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाएं बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, फिर भी उत्तराखंड पुलिस, विशेषकर रुद्रप्रयाग जनपद की पुलिस, पूरे मनोयोग से इस सेवा भाव में जुटी हुई है। धाम की कठिन यात्रा के दौरान कई श्रद्धालु ऐसे भी हैं, जिन्हें चोट, थकान या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रुद्रप्रयाग पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य कर रही है, बल्कि जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सहायता के लिए भी तत्परता से आगे आ रही है। कई स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा बुजुर्ग, घायल



अथवा असहाय श्रद्धालुओं को सहारा देकर मंदिर तक पहुंचाने में मदद की गई है। यह मानवीय पहल पुलिस के उस संवेदनशील और करुणामयी चेहरे को दर्शाती है, जो हर कठिन परिस्थिति में जनता के साथ खड़ा रहता है।

### टप्पेबाजों ने बुजुर्ग महिला के कंगन और अंगूठी उतरवाए

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में मंदिर में सत्संग सुनने के बाद वापस लौट रही बुजुर्ग महिला से सोने के कंगन, अंगूठी उतरवाकर फरार हुए टप्पेबाजों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरें खंगालते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम चंद्राचार्य अपार्टमेंट भैरो मंदिर कनखल निवासी बुजुर्ग महिला लक्ष्मी देवी नया हरिद्वार स्थित हरिहर मंदिर में सत्संग में आई थीं।

वापस लौटते समय दो व्यक्तियों ने उन्हें मोदी पेंशन योजना के तहत पैसे मिलने की बात कहकर टप्पेबाजी कर दी थी। आरोपी उनके हाथों से सोने के कंगन और अंगूठी निकालकर फरार हो गए थे।घटना के बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए थे और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई थी।

## लक्सर हरिद्वार ऑटो विक्रम चालकों ने टीटू मलिक को चुना यूनियन का प्रधान



हरिद्वार। लक्सर–हरिद्वार मार्ग में दौड़ रहे ऑटो विक्रम चालकों ने शनिवार को बैठक कर टीटू मलिक को यूनियन का प्रधान घोषित किया है। चालकों ने प्रधान का फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। ऑटो विक्रम चालकों ने भाजपा नेता ठाकुर अर्जुन चौहान के कार्यालय पर एक बैठक कर पूर्व यूनियन अध्यक्ष को पद से हटाकर धनपुरा के रहने वाले जाहिद उर्फ टीटू मलिक को यूनियन का नया प्रधान घोषित किया। चालकों ने भाजपा नेता अर्जुन ठाकुर के संरक्षण में प्रक्रिया पूरी की। भाजपा नेता ने बताया ऑटो विक्रम यूनियन ने पूर्व में रोहित शास्त्री और कुलदीप को यूनियन का प्रधान बनाया हुआ था।

# चार दिन से चल रहा श्रमिकों का धरना समाप्त

हरिद्वार। बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को दमकल विभाग के नए फायर स्टेशन का शुभारंभ हुआ। शुरुआती स्तर पर नए फायर स्टेशन पर एक बड़े अग्निशमन वाहन और पांच फायर कर्मचारियों की तैनाती की गई है। फायर स्टेशन का शुभारंभ होने के बाद बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र के करीब 200 उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। बीते पांच सालों से उद्यमी क्षेत्र में फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग कर रहे थे। शनिवार को रानीपुर विधायक आदेश चौहान, नगर पालिक शिवालिक नगर के पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल और बहादराबाद इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े उद्यमियों ने संयुक्त रूप से दमकल विभाग ने नए फायर स्टेशन का शुभारंभ किया। पूर्व में क्षेत्र में स्थापित उद्योगों और अन्य स्थानों पर अग्निकांड होने के बाद सिडकुल और मायापुर से अग्निशमन वाहन आग को काबू करने पहुंचते थे।

### स्ट्रीट लाइट के नाम पर जनता के लाखों रुपए का हो रहा दुरपयोग

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल ने विधायक मदन कौशिक और नगर आयुक्त को पत्र सौंपकर स्ट्रीट लाइटों की खरीद और उन्हें लगाने की जांच की मांग की है। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बताया कि जिन स्थानों कर पथ प्रकाश की ज्यादा आवश्यकता थी। वहां स्ट्रीट लाइटें नहीं लागकर दूसरी जगहों पर लगाई जा रही हैं। उन्होंने विधायक मदन कौशिक से इस मामले में स्थलीय निरीक्षण करवाने की मांग की।

### श्रमिकों का चार दिन से चल रहा धरना समाप्त

हरिद्वार। सिडकुल में एंकर पैनासोनिक के श्रमिकों का चार दिन से चल रहे आंदोलन समाप्त हो गया। एसडीएम की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता में बीएमएस के पदाधिकारियों मौजूदगी में प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई। तय हुआ कि प्रबंधन एक सप्ताह के भीतर श्रमिकों की सभी मांगों पर निर्णय लेगा। हड़ताल में भाग लेने वाले किसी भी श्रमिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होगी।

चार दिवसीय हड़ताल अवधि का वेतन सभी श्रमिकों को प्रदान किया जाएगा। श्रमिकों ने समझौते को स्वीकार कर कार्यस्थल पर पुनः लौटने का निर्णय लिया है। वार्ता में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री सुमित सिंघल, जिला उपाध्यक्ष संतोष मिश्रा, आईटीसी यूनियन (कल्याण श्रमिक संघ) के अध्यक्ष हेम चंद्र मलकानी, बीएचईएल–हीप यूनियन के प्रतिनिधि अनिल मौर्य, एसओ सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी, लेबर इंस्पेक्टर अमित पुरोहित और कंपनी एचआर सौरभ गुप्ता, अनुराग शुक्ला, शुभम राणा उपस्थित रहे।

# शिविर में बताए नागरिकों के अधिकार

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं माननीय जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज सीनियर डिवीजन/सचिव अकरम अली की अध्यक्षता में शनिवार को राजकीय उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015, नालसा बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी योजना 2024, नालसा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024, साइबर क्राइम, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यौन उत्पीड़न, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य व सालसा का टोल फ्री नंबर 15100 और नशीली दवाइयों के



दुष्परिणाम साइबर अपराध आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन, बाल विवाह मुक्त उत्तराखंड, बाल श्रम मुक्त उत्तराखंड अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता धारा 12 के बारे में एवम आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया गया। इस अवसर पर के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक विमल गोसाई सहित उप जिला अस्पताल के कर्मचारी मौजूद थे।

# केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड को दी बड़ी सौगात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : भगवान श्री बदरीविशाल के कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात दी गई। केन्द्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर ज्योतिर्मठ को आपदा सुरक्षित करने के लिए 291.15 करोड़ की धनराशि मंजूर की है।

मुख्यमंत्री ने भगवान श्री बदरीविशाल के कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात देने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिर्मठ के सुनियोजित विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से न केवल ज्योतिर्मठ के आपदा प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित किया जा सकेगा, अपितु स्थानीय निवासियों एवं देश-विदेश से भगवान बद्रीविशाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित विश्राम हेतु स्थल उपलब्ध हो सकेगा।

साथ ही भगवान बद्रीविशाल के शीतकालीन प्रवास हेतु नरसिंह मंदिर के आस-पास के निवासियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। ज्ञातव्य है कि 2 जनवरी, 2023 को ज्योतिर्मठ के कई घरों और अवसंरचनाओं में भू-धंसाव के कारण बड़ी दरारें दिखाई देने लगी थी। ज्योतिर्मठ नगर में स्थित संरचनाओं में से लगभग 22 प्रतिशत संरचनायें इससे प्रभावित हुई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत इस संबंध में शासन के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एनडीएमए, यूएसडीएमएम, आईआईटी रुड़की, यूएनडीपी, सीबीआरआई, वाडिया इंस्टीट्यूट, एनआईडीएम, और अन्य एजेंसियों के विशेषज्ञों से युक्त 35 सदस्यीय टीम ने अप्रैल 2023 के चौथे सप्ताह के दौरान पीडीएनए करने के लिए ज्योतिर्मठ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आवास और पुनर्वास स्वास्थ्य और शिक्षा पेयजल और स्वच्छता सहित नागरिक सुविधाओं सड़क और पुल जैसे स्थानीय स्तर के बुनियादी ढांचे, आपदा जोखिम में कमी और पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण योजनाओं के लिए क्षेत्रवार क्षति का आंकलन किया।

**मजबूत अवसंरचनाओं का होगा निर्माण**

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने ज्योतिर्मठ शहर में जमीन के धंसने को रोकने और शहर के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव दिया। प्रारंभ में अस्थिर क्षेत्रों को स्थिर करने और शहर की जलनिकासी और सीवरेज प्रणाली में सुधार करने के लिए परियोजनाओं को शुरू करने की योजना है। इन गतिविधियों से जमीन की स्थिरता में सुधार होगा, जिससे भवन बनाने के लिए मजबूत भूमि उपलब्ध हो सकेगी।

### रावली महदूद में सड़क पर बह रहे नाली के गंदे पानी से ग्रामीण परेशान

हरिद्वार। रावली महदूद में नालियों की सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। बीडीओ और वीडीओ से शिकायत करने के बाद भी सफाई की व्यवस्था नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीण भूपेंद्र सैनी, तरुण कुमार, गगन कुमार, विनेश सैनी, ओमपाल सैनी, राहुल सैनी, मनोज सैनी, संदीप धीमान, नीरज धीमान, अरुण प्रजापति गौरव चौहान, डॉ. जोगेंदर का कहना है कि रविदास मंदिर के सामने घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। बताया कि इलाके में लंबे समय से नाली की सफाई नहीं कराई गई है।

## नाले का चौड़ीकरण की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिद्वार। पुराना आरटीओ चौक, सप्त सरोवर मार्ग वाले हाईवे के दोनों ओर नाले के चौड़ीकरण की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी व क्षेत्रीय पार्षद आकाश भाटी के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक मदन कौशिक को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि हरिपुर कलां, मोतीचूर, सप्त सरोवर क्षेत्र से वर्षाकाल में बरसाती पानी उक्त मार्ग से होकर गुजरता है। हाईवे के दोनों ओर सर्विस लेन बनने के चलते नाला संकुचित हो गया है जिस कारण विगत दिनों दो घंटे पड़ी बरसात में ही जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। पार्षद आकाश भाटी ने कहा कि पुराना आरटीओ चौक इंडिया टेम्पल के सामने वर्षाकाल में भारी जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। हाईव पर नाले के संकरा होने के चलते सिंचाई विभाग के खेतों में पानी जमा हो जाता है।

### साइबर कैफे संचालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। साइबर कैफे संचालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर की संचालक की गुमशुदगी दर्ज की है। जसपुर खुर्द निझड़ा निवासी अनुराधा पत्नी अभिषेक यादव ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उसका पति जसपुर खुर्द रोड पर एक साइबर कैफे चलाता है। बीते 3 फरवरी को कैफे पर जाने लिए घर से निकला था, लेकिन वह शाम को भी घर नहीं पहुंचा।

# इंटक ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

देहरादून। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस पना दिवस इंटक का स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयुध निर्माणी के मिलन मंदिर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि इंटक के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट थे। जबकि विशिष्ट अतिथि जेसीएम मेम्बर गुरदयाल सिंह थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि समेत अन्य अतिथितियो ने दीप जलाकर किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा के इस समय मजदूर अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है, सरकार की दमनकारी नीतियों के चलते मजदूरों को आज एकजुट होने की आवश्यकता है जब तक मजदूर एक नहीं होगा सरकार इसी तरह से मजदूरों का दमन करती रहेगी। आज आवश्यकता है कि हम सब लोग संगठित होकर अपने हित की लड़ाई लड़ें । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की स्थापना का उद्देश्य ही मजदूर हितों की लड़ाई लड़ना रहा है आज जिस हालात से मजदूरों को गुजरना पड़ रहा है उसमें संघर्ष की अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब से इंटर की स्थापना हुई है तभी से इंटक ने लगातार मजदूरों की लड़ाइयां को लड़ा और कई मोर्चों पर फतह हासिल की। आज एक बार फिर मजदूरों को एकजुट होकर लगातार संघर्ष करने का आवश्यकता है। आज जबकि सरकार लगातार मजदूर हितों पर कुठारा घात कर रही है ऐसे में हमें चाहिए कि हम अपने अधिकारियों के प्रति सजग रहे



और उन अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते रहें। हमें सांगठनिक भेदभाव भूल कर मजदूरों की लड़ाई लड़नी होगी। श्री बिष्ट ने कहा कि हम मजदूरों के हर लड़ाई में सबसे आगे रहते हैं और हमारा हमारा उद्देश्य लगातार मजदूर हितों की रक्षा के लिए आगे आना है। उन्होंने कहा कि आज जबकि सरकार हर तरह मजदूरों के खिलाफ हो रही है ऐसे में इंटक लगातार मजदूर हितों के लिए काम रही है। उनहोंने संगठन को मजबूत कर अपने हितों की लडाई लड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जेसीएम मेम्बर गुरदयाल सिंह ने कहा कि सरकार जिस तरह से आज सरकारी उपक्रमों को निजीकरण कर रही है ऐसे में भविष्य की तस्वीर इतनी साफ है कि आने वाले दिनों में सरकारी महकमे होंगे ही नही तो सरकारी नौकरियां भी समाप्त हो जायेंगी। सरकार ने रक्षा के क्षेत्र को भी नहीं छोड़ा और आज हालात यह है कि सेना के लिए हथियार बनाने वाले कारखानों पर भी बंदी की तलवार लटक गयी है। सरकारर लगातार मजदूरों के हितों पर कुठाराघात कर रही है और हर रोज मजदूरों के दमन के लिए नये नये कानून ला रही है। इंटक के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि आज सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को हमें समझना होगा और साथ साथ ही इसके खिलाफ सघर्ष के लिए भी तैयार होना होगा। इस अवसर इंटक के कई पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मनित भी किया गया। कार्यक्रम को युवा इंटक के प्रदेश अध्यक्ष पंकज क्षेत्री ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर इंटर के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार कलीम अहमद, हिमांशु पांडे, अजय पाल, सुनील कुमार सुमन, सुभाष चंद, अनिल बडोला, हारून, समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com